53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.7°c अधिकतम 33.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:59, सूर्यास्त - 6:35 वर्ष : 53/अंक : 246 शनिवार, 06 सितम्बर 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

हाथ की लकीरों की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे मुट्ठी में बंद होकर भी काबू में नहीं होती।

वसूली कर रही है पुलिस, मेरी गाड़ी का आठ लाख का चालान कर दिया : अखिलेश यादव

चलो कोई बात नहीं....नेता जी का धन सरकार के काम आ जाएगा.....

विद्युत विभाग पूरी तरह हो चुका बेकार, सड़कों पर उतर गयी जनता इस बार

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)। धीरे-धीरे आम जनता में नेताओं के प्रति आस्था खत्म होती जा रही है। अब जनता रोज-रोज नेताओं को फोन करने से भी स्वयं बचने लगी है, क्योंकि सरकार के नेताओं का कोई कंट्रोल विद्युत विभाग पर नहीं है। पूरी गर्मियों जैसा हाल मुजफ्फरनगर जनपद में विभाग ने किया है, उसे शायद बताने की जरूरत नहीं है। शुक्रवार को रात को उस समय जनता सड़कों पर उतर आई, जब आधे शहर की बिजली आपूर्ति रात्रि में नहीं दोपहर से ही गायब कर दी गयी और नेताओं के घर न जाकर इस बार जनता बिजलीघर पहुंची और जमकर हंगामा किया। आम जनता का बताना था कि आर्यपुरी, साउथ सिविल लाइन, वसुंधरा सिटी, ब्रह्मपुरी, महावीर चौक, नुमाइश कैम्प, शिवचौक,

लोहिया बाजार, खालापार आदि न जाने कितने क्षेत्रों की लाइट दोपहर 2-3 बजे से गायब है। शाम तक जनता यही सोचती रही कि शायद थोड़ी-बहुत देर में बिजली आ जाएगी मगर रात 11 बजे तक विद्युत विभाग का तमाशा जारी रहा तो लोग खुद ही बिजलीघरों पर पहुंच गए। आर्यपुरी बिजलीघर पर पहुंचे लोगों ने हंगामा करते हुए कहा कि इस सरकार में बेशर्मी की सारी हदे बेशर्मी की विद्युत विभाग ने पार कर दी हैं। लाइट तो आती ही नहीं साथ ही साथ अपने को जवाब समझने वाले विभागीय लोग मोबाइल स्विच ऑफ कर बैठ जाते हैं। विद्युत विभाग के कारणों का जब बुलेटिन द्वारा पता किया गया तो भी विभागीय कर्मचारियों के फोन स्विच ऑफ आए। दाएं-बाएं से जानकारी जुटाकर पता चला कि नरा विद्युत स्टेशन में फाल्ट आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, वहीं सुजडू बिजलीघर से आने वाली लाइन में महावीर चौक की लाइन का तार टूटकर टाउनहॉल की लाइन पर गिर गया, जिससे बड़ा फाल्ट हो जाने के कारण महावीर चौक की लाइट आपूर्ति नहीं की जा रही है। कुछ क्षेत्रों की लाइट आई मगर महावीर चौक क्षेत्र की लाइट समाचार लिखे जाने तक रात्रि 12 बजे नहीं चालू की गयी थी। लगातार विद्युत विभाग के नए-नए लापरवाही के कारनामों से जनता पूरी तरह आक्रोशित दिख रही है और किसी भी दिन जनता का गुस्सा फूटा तो वास्तव में कोई न कोई बड़ी घटना विभागीय कर्मचारियों के साथ आम जनता कर बैठेगी, फिर चाहे जनता को खुद पर मुकदमे ही क्यों न लिखवाने पड़ जाएं। इस बार जनता आर पार की लड़ाई के मूड में बैठी है।

सूबेदार बताकर अग्निवीर भर्ती में युवकों को फिजिकल पास कराने के नाम पर ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अग्निवीर भर्ती में फिजीकल पास कराने तथा भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि बिजनौर जनपद के पानी माला, थाना थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर का रहने वाले युवक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक व्यक्ति ने अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा पास कराने व भर्ती कराने के नाम पर जालसाजी करते हुए फर्जी टोकन तैयार कर दे दिया और बदले में उससे एक लाख रुपए लिये गए हैं। थाना सिविल लाइन पुलिस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम गठित करने के साथ-साथ मिलिट्री इंटेलिजेंस के मध्य कमान के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे खंगालकर ठगी करने वाले आरोपी सुमित कुमार निवासी कस्तला, शमशेर नगर, थाना इंचौली, जनपद मेरठ को कम्पनी बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से आर्मी की फर्जी आईडी कार्ड, आर्मी की वर्दी, एक मोबाइल व स्कूटी बरामद की गयी। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह खुद को सेना का सूबेदार बताकर ई मेल व फोन के जरिये युवकों से सम्पर्क किया करता था तथा जो युवक फिजिकल में फेल हो जाते थे, उन्हें टेस्ट में पास कराने के नाम पर झांसा देकर उनसे लाखों की ठगी करता था। पीड़ित अभिषेक से उसने तीन लाख रुपये दोबारा फिजिकल टेस्ट के नाम पर लेने का झांसा दिया और आरोपी ने पीड़ित से एक लाख रुपये एडवांस भी लिये और फर्जी टोकन अभिषेक को थमा दिया। फर्जी टोकन के साथ फ्रिंगर प्रिंट मैच न होने पर आर्मी के अधिकारियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पहले भी कई जनपदों में कर चुके हैं ठगी

मुजफ्फरनगर। पकड़े जाने के बाद आरोपी सुमित कुमार ने बताया कि वह इससे पहले भी लखनऊ, रुड़की व आगरा में हुई सेना भर्ती में युवकों से भर्ती कराने के नाम पर ठगी कर चुका है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत की माने तो सुमित अकेला इस काम में आरोपी नहीं है, अभी गैंग के अन्य लोग भी इस काम में शामिल हैं, जिनकी तलाश के लिए पकड़े गए आरोपी का मोबाइल व सीडीआर भी खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम की हौसला अफजाई के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने 20 हजार रुपए का इनाम देने की एसएसपी ने घोषणा की है।

अग्निवीर भर्ती का आखिरी दिन, इन दिनों कुछ यूं दिखी व्यवस्थायें

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (एजेंसी)। अग्निवीर भर्ती का शुक्रवार को आखिरी दिन था। इस दौरान लगभग 13 जिलों के युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से कई अवव्यवस्थाएं देखने को मिली थी। पहले ही टॉयलेट की व्यवस्था को लेकर मुजफ्फरनगर बुलेटिन खबर लगाई थी। इसके अतिरिक्त खाने की व्यवस्था के कारण भी युवाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि जानकारी के अनुसार 2022 में हुई भर्ती में कई नेताओं ने भंडारे लगाकर युवाओं को खाना उपलब्ध करवाया था, लेकिन इस बार तो किसी नेताओं को इन युवाओं की कोई चिंता नहीं हुई।

लेकिन इस बार तो हद इस बात की हो गई कि भर्ती के लिये आए युवाओं को खुले आसमान के नीचे रातें गुजारनी पड़ी। हालांकि इन युवाओं के लिये यह अग्निपरीक्षा की तरह था, क्योंकि अग्निवीरों को अपनी सेना की नौकरी में ऐसे पल कई बार गुजारने पड़ते हैं। परंतु इस तरह के पल गुजारना वो भी नौकरी लगने से पहले प्रशासन का एक बहुत बड़ा फेलियर माना जाएगा। अगर मौसम साफ रहा तो ठीक है,

लेकिन जिस तरह से जनपद में पिछले 3 दिन तक जो बारिश होती रही, तो इन युवाओं को मेरठ-रुड़की रोड़ पर दुकानों के छज्जों के नीचे रातें गुजारनी पड़ी हैं। बुलेटिन की टीम ने जब मौके का दौरा किया तो पता चला कि खुले में कभी मच्छरों से परेशान तो कभी झमाझम बारिश से परेशान होकर यह युवा भर्ती के लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में इस तरह की असुविधा होना अपने आप में जनपद के प्रशासन के लिये शर्मनाक बात है। ऐसे में कहीं ना कहीं इसी रोड़ पर स्थित होटलों की चांदी रही। होटलों ने ही नहीं, बल्की कई मकान जिनके पास जगह थी, उन्होंने 24 घंटे के लिये 200-300 रुपए लेकर जगह दे रहे थे। जो इस खर्चे को झेल सकता है, उसकी तो रात कट गई, लेकिन कई युवाओं को इसमें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आपको बता दें कि 13 जनपदों के लगभग 17 हजार युवा दौड़ में शामिल हुए। प्रत्येक चरण में 100 युवकों को दौड़ाया गया। अग्निवीर भर्ती जनरल ड्यूटी, क्लर्क समेत टैक्निकल और ट्रेड्समैन पदों पर अग्निवीर रखे जाएंगे। 1600 मीटर दौड़ पांच मिनट से पहले पूरी करने पर वर्ग ए, पांच मिनट 30 सेकेंड तक पूरी करने में बी, छह मिनट तक पूरी करने पर सी और छह मिनट 15 सेकेंड तक पूरी करने वाले युवाओं को डी श्रेणी में रखा गया था। वरीयता के आधार पर लंबी-ऊंची कूद, पुशअप आदि शारीरिक दक्षता परीक्षण होगा, लेकिन इतने युवाओं को रहने के लिये क्या प्रशासन को आशियाना उपलब्ध करवाना कोई मुश्किल काम था। भारत में कई त्यौहार होते हैं, जैसे कि प्रयागराज में कुंभ होता है, जिसमें करोड़ों की संख्या में लोग आते हैं तो प्रशासन लोगों की व्यवस्था करवाता है, लेकिन जनपद में इस तरह की व्यवस्था का होना गहन चिंता का विषय है। इस प्रशासन को गौर करना पड़ सकता है, क्योंकि इसकी चर्चा यहां नहीं तो कभी ना कभी भर्ती से लौटे युवा जरूर करेंगे।

साइबर ठग ने 31.18 लाख रुपये ठगे

मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। खतौली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरांफान निवासी सैय्यद सफदर आजम ने बताया कि कुछ समय पहले उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर स्टॉक मार्किट थिंक टैंक के नाम से एक लिंक भेजा गया। लिंक को क्लिक करने पर उसे ग्रुप में ज्वाइन कर लिया गया। ग्रुप के माध्यम से उसे शेयर बेचने व खरीदने के बारे में बताया गया। उसके बाद नीशा पटेल नाम की महिला द्वारा मुनाफे के संबंध में जानकारी सांझा करते हुए कुछ स्क्रिन शॉट भेजे। उसके बाद उसके शेयर में मुनाफा कमाने के लिए उसका एक एकाउंट खुलवाया गया। पीड़ित ने 13 अगस्त से 2 सितम्बर के बीच विभिन्न बैंक खातों में शेयर खरीदने के लिए 31.18 लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए। उसने कुछ दिन बाद साइबर ठगों द्वारा खुलवाए गए एकाउंट में मुनाफा चैक किया तो मुनाफा करोड़ों में दिखाया गया। पीड़ित ने खाते से पैसे निकालने का प्रयास किया तो पैसे नहीं निकले। उसके बाद उसे बताया कि खाते से पैसे निकालने के लिए थर्ड पार्टी के एकाउंट में 27 लाख रुपए जमा कराने के लिए कहा गया। पीड़ित को शक हुआ, तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। उसे पैसे वापस नहीं किया गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरार वांछित आरोपित को कोर्ट में किया पेश

जानसठ, 05 सितम्बर (बु.)। एक सितंबर की सुबह भंडूर मार्ग पर पुलिस ने गोकशी करने वाले दो आरोपितों को पकड़ा था। आरोपित के तीन साथी फरार हो गए थे। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में फरार चल रहे सिकरेड़ा निवासी मुलकिस को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। दूसरी ओर जानसठ पुलिस ने सावेज पुत्र अली अब्बास निवासी खिरवा जलालपुर थाना सरधना जनपद मेरठ जो कि गैंगस्टर में वांछित था गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

वसूली कर रही है पुलिस, मेरी गाड़ी का आठ लाख रुपये का चालान कर दिया : अखिलेश

लखनऊ 05 सितंबर (वार्ता) सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी गाड़ी का आठ लाख का चालान होने के बाद शुक्रवार को सरकार और पुलिस पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग पूरा सिस्टम चला रहे हैं। सरकार जनता से वसूली कर रही है। सुविधाएं नहीं दे रही है लेकिन जमकर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा '' मेरी गाड़ी का आगरा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के कारण आठ लाख रुपये का चालान कर दिया। सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है वो चलने की हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर वो भी गाड़ी ढूढेंगे और विपक्षियों को देंगे। शिक्षक दिवस पर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री यादव ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा '' उन्होंने शिक्षक जगत में जो पहचान बनाई है,उसको हम नमन करते हैं। आने वाले दिनों में समाजवादी सरकार बनने पर क्वालिटी ऑफ एजुकेशन और रोजगार पर फोकस करेंगे। यह सरकार समाज, शिक्षक, शिक्षा को बर्बाद कर रही हैं। सरकार लोगों को पढ़ने नही देना चाहती है। समाज पढ़ेगा तो तर्क करेगा। शिक्षा से आत्मबल बढ़ता है। सपा प्रमुख ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में नही है। ऐसा नही रहता तो 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को आंदोलन नही करना पड़ता।

तमंचे की टशन दिखाने वाला बिगड़ैल युवक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। दो दिन से सोशल मीडिया पर साकेत कॉलोनी के नाम से एक वीडियो चलाई जा रही थी, जिसमें युवक तमंचा दिखाते हुए शेखी बिखेरता हुआ फायरिंग कर रहा था। वीडियो सोशल मीडिया पर चलने के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस हरकत में आई और गुरूवार को बिगडैल युवक को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले जाकर कानून का पाठ पढ़ाया। युवक ने स्वीकार किया कि उसने तमंचा हाथ में लेकर फायरिंग की थी। उक्त युवक का नाम दक्ष निवासी अंसारी रोड, डॉ. गंगल वाली गली, उत्तरी सिविल लाइन को माल रोड का निवासी है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा भी बरामद कर लिया है और चालान काटकर जेल रवाना कर दिया।

मुजफ्फरनगर में मोनू खटीक हत्या मामला, सांसद भोला सिंह ने परिजनों से की मुलाकात

▶▶ संजीव बालियान भी रहे मौजूद, अभी तक 5 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (एजेंसी)। मुजफ्फरनगर में मोनू खटीक हत्याकांड से क्षेत्र में पहले से सनसनी मची हुई है। पिछले कुछ दिनों से कई राजनीतिक दल मोनू खटीक के घर पहुंच रहे हैं। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले मोनू को चोर बताकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोनू खटीक ना सिर्फ पिटाई की, बल्कि उसे अवमाननीय यातनायें भी दी थी। मोनू की पिटाई के अगले दिन ही मौत हो गई थी। मौत के अगले दिन ही पूर्व विधायक उमेश मलिक मोनू के घर पहुंचे थे और परिवार को ढांढस बंधाया था। इसमें संजीव बालियान ने भी मोनू के परिजनों से मुलाकात की थी। इस घटना को लेकर शुक्रवार को बुलंदशहर से भाजपा के सांसद भोला सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। सांसद भोला सिंह ने मोनू खटीक की मौत पर गहरा दुःख जताते हुए परिवार को आश्वासन दिया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। सांसद ने कहा कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कराई जाएगी।उन्होंने मौके पर ही एसएसपी मुजफ्फरनगर संजीव कुमार वर्मा से फोन पर बातचीत कर फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। सांसद भोला सिंह ने कहा कि इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया जाएगा, ताकि परिवार को न्याय मिल सके। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. संजीव बालियान, भाजपा जिला मंत्री सुनील दर्शन और सुधीर खटीक भी मौजूद रहे। सभी ने मोनू खटीक के परिजनों को सांत्वना दी। गौरतलब है कि पुलिस अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को जेल भेज चुकी है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं।

शिक्षक दिवस पर सीएम योगी का शिक्षकों को बड़ा तोहफा, कैशलेस इलाज की होगी सुविधा

लखनऊ, 05 सितंबर (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया है। इनमें शिक्षामित्रों के साथ अनुदेशकों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस समारोह के दौरान शुक्रवार को लोकभवन में 81 शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को एक बड़े तोहफे की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान शिक्षाविद् और देश के पूर्व राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया। लोकभवन में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने घोषणा की कि अब सभी शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का लाभ शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को भी मिलेगा। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के साथ वित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलैस उपचार की सुविधा मिलगी। इनके साथ ही शिक्षा मित्र, अनुदेशक और रसोइया को भी इसके साथ जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कदम से प्रदेश के नौ लाख परिवार लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही आने वाले समय में शिक्षा मित्र और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने को लेकर भी काम होगा। इसके लिए कमेटी बनाई गई है। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट जल्द आने वाली है, जिसके बाद उनका मानदेय बढ़ा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 81 शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के 66 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षको को सम्मानित किया। उन्होंने 2,204 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट वितरण करने के साथ 1,236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों (प्रति विद्यालय-2) में स्थापित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। बाल कथाओं के संग्रह 'गुल्लक', शैक्षिक नवाचारों के संकलन 'उद्गम' एवं बाल वाटिका हस्तपुस्तिका' का विमोचन करने के साथ 'उद्गम' के डिजिटल प्लेटफॉर्म की लॉन्चिंग की।



सीएम भगवंत मान की तबीयत में सुधार नहीं, डॉक्टर्स की सलाह पर अस्पताल में भर्ती

संगरूर, 05 सितंबर (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें मोहाली में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिछले दो दिन से उनकी तबीयत खराब बताई जा रही थी और सेहत में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा था। स्वास्थ्य बिगड़ने पर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी, जिसके बाद उन्हें अब फोर्टिस ले जाया गया। बता दें कि सीएम भगवंत मान दवाइयां लेकर घर पर ही रेस्ट कर रहे थे, लेकिन उनका ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ता-घटता गया। साथ ही उनकी सेहत में दवाइयों से खास सुधार नहीं देखा जा रहा था, इसके बाद डॉक्टर्स की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री के बीमार पड़ने के बाद स्थगित कर दी गई। इसकी अध्यक्षता सीएम मान ही करने वाले थे। बैठक में राज्य में चल रहे राहत और बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद थी, जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। मुख्यमंत्री मान को वायरल बुखार और पाचन संबंधी कुछ समस्याएं हैं, लेकिन अब वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनकी बीमारी की खबर के बाद, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सीएम मान से उनके सरकारी आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना।

युवक के कब्जे से चोरी किए मोबाइल व नकदी बरामद किये

शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)। थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए मोबाइल फोन के अलावा रुपये बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि 27 जून को गांव बरवाला निवासी यूनुस ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि किसी अज्ञात चोर ने उसके घर में घुसकर एक मोबाइल फोन व 10 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपी बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव विज्ञाना निवासी जुल्फकार उर्फ छोटू को गांव रसूलपुर जाटान जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी हुए एक मोबाइल फोन व 10 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर उसका चालान कर दिया।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट

रविवार, 7 सितम्बर 2025
सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे
एसकेबी आरोग्यम अस्पताल, मुजफ्फरनगर

समस्याएँ: घुटने एवं कंधे में दर्द, हाथ व पैर की विकृति, लम्बे समय तक खड़े रहने से घुटनों में दर्द होना, गठिये का दर्द, चोट या बीमारी के बाद जोड़ों का न चलना, कंधे या घुटनों पर लिगमेंट की चोट

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

संदीप कुमार जिला, बेसिक शिक्षा

अधिकारी, मुजफ्फरनगर। अब वो समय चला गया, अब आप डिजिटल हो गए हैं। अब ब्लैक बोर्ड डिजिटल हो गए हैं। छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। शिक्षकों ने भी खुद में समय को देखते हुए बहुत सारे परिवर्तन किए हैं। हम बच्चों की प्रतिभाएं जो उनकी खेल के प्रति हैं, उसके विकास को लेकर भी कार्य कारवाही है, ताकि उनकी छुपी हुई प्रतिभाएं सामने आ सके।

कपिल देव अग्रवाल

आज का दिन बहुत पवित्र है, हम सबके लिए प्रेरणादायी भी है। डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन अवसर पर पूरे देश में ये कार्यक्रम मनाया जाता है। शिक्षक वो विश्वास है, जिनके हाथों में माँ बाप अपने जीवन की जमा पूंजी रख देते हैं। जब बच्चा 3 साल का हो या 5 साल का हो स्कूल में एडमिशन करवाते हैं, तो पूरे विश्वास के साथ इन्हीं शिक्षकों को इस उम्मीद के साथ बच्चे को सौप देते है कि इसका भविष्य इन्हीं के हाथों में है। ऐसे में मेरी ओर से शिक्षक दिवस की आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

होती लाल शर्मा, रिटायर्ड शिक्षक

मेरी तो शिक्षकों से बस एक ही प्रार्थना है कि मैंने आपके सामने दर्पण रख दिया है, इसको अब आप संभालो, क्योंकि एक इंजीनियर से गलती होती है तो पुल टूटता है, डॉक्टर से गलती होती है तो ज्यादा से ज्यादा जान जाती है, एडवोकेट से गलती होती है, तो फांसी लगती है लेकिन अगर एक टीचर से गलती होती है, तो पूरा देश डूबता है। इसलिए हमें संभालना होगा और समझना होगा। बस, आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

सीता राम शर्मा (रिटायर्ड प्रधानाचार्य)

मैं बड़ा प्रभावित हुआ अंकुर जी ने नशे को लेकर जो बातें कही, ये नशा कहीं ना कहीं हमारे बच्चों की जिंदगी को खत्म करने का काम करता है। हमारे बच्चों के भविष्य के विकास की गति को रोकता है, इससे जितना हो सके, उससे बचना होगा और बच्चों को नशे से इससे दूर रखना होगा।

शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान

डॉक्टर राधाकृष्णन को याद कर मनाया गया शिक्षक दिवस

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)। शहर में शिक्षक दिवस का समारोह बड़े ही जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी और आचार्य कुल मुजफ्फरनगर ने मिलकर एक संगीत मय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार शामिल हुए। अतिथियों ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की महत्ता और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी शिक्षकों की सराहना की। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माता होते हैं।

उन्होंने कहा कि एक सभ्य और विकसित समाज की नींव रखने में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी व आचार्य कुल मुजफ्फरनगर के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया।

शिक्षक स्कूलों में दे रहे उच्च शिक्षा, मगर कोर्ट के डर से आज बच्चों को सुधारने से बच रहे

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर शामली रोड स्थित सत्संग भवन में लगभग 100 शिक्षकों के सम्मान समारोह में शिक्षकों को सम्मान देते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वर्तमान में शिक्षण कार्य करा रहे अध्यापक दोनों ही नमन योग्य हैं, क्योंकि शिक्षक सिर्फ परिवार व समाज ही नहीं देश के भी कर्णधार हैं, यदि शिक्षक छात्रों को उच्चकोटि की शिक्षा ना दे तो देश का आगे बढ़ना नामुमिकन है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक सिर्फ एक बात से डर रहे हैं कि किसी भी छात्र को पीटना तो दूर सिर्फ डांटने भर से ही कोर्ट उन्हें आड़े हाथों ना ले ले, मगर यह भी सच है कि सिर्फ कोर्ट के डर से हमने छात्रों को डांटना बंद कर दिया तो उन्हें किसी भी प्रकार के संस्कार नहीं मिल पायेंगे। लाड-प्यार का मतलब यह नहीं कि हम यह ध्यान ही ना दें कि हमारे छात्र कौन-कौन से अनैतिक कार्यों में लिप्त हैं। बुलेटिन सम्पादक ने बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटयों का उदाहरण देते हुए बताया कि आज जो बच्चे वहां पढ़ने जा रहे हैं, उन्हें उच्च शिक्षा तो मिल रही है, मगर यूनिवर्सिटयों के चारों ओर नशे व अनैतिक कार्यों का जो धंधा चरम पर है उससे कैसे निजात मिल पायेगी और एक बार नशे जैसी लत में जो छात्र कच्ची उम्र में पड़ जाता है, आजीवन उसके संस्कार समाप्त हो जाते है। ऐसे में देश के भविष्य को संवारना सिर्फ अध्यापकों के हाथ में है। इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने शिक्षकों को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत करने के साथ्थ-साथ उन्हे नमन भी किया।

रसूलपुर दभेड़ी में आवारा पशुओं का आतंक

बुढ़ाना, 05 सितम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में किसानों के द्वारा रात दिन कड़ी मेहनत करके अपने-अपने खेतों में उगाई गयी विभिन्न तरह की तैयार फसलों को अब आवारा पशु अपना निवाला बनाने से नहीं चूक रहे हैं। यह आवारा पशु किसी गौशाला में बंधे हुए होने चाहिए थे, लेकिन ये किसानों की फसलों को बर्बाद करने में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार भी बुढ़ाना क्षेत्र में कई गौशाला बनवाने के बाद भी आवारा पशुओं की दुर्गति को रोक नही पा रही। आवारा पशुओं के लिए जगह-जगह गौशालाएं बनवाने का दावा करने वाली योगी सरकार यहां पर किंकर्तव्यविमूढ़ ही नजर आ रही है। योगी सरकार के इस दावे की पोल खोलते हुए ये आवारा पशु सैकड़ों की संख्या में खुलेआम सड़कों पर ही घूमते हुए कहीं पर भी नजर आ जाते हैं। सबसे बुरा हाल तो बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी का है, जहां पर आवारा पशुओं की वजह से किसान और ग्रामीण हैरान और परेशान हैं। ये आवारा पशु सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के जीवन के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं।

छोटे भाई को जान से मारने की धमकी देकर किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने 24 घण्टे में पकड़ा आरोपी

चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)। कस्बे में भाई को जान से मारने की धमकी देकर छत पर ले जाकर किशोरी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप किराएदार के पुत्र पर लगाते हुए महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े आरोपी को जेल भेज दिया है। सीओ सदर डॉ. रविशंकर ने मामले की जानकारी दी है। चरथावल थाना-क्षेत्र निवासी महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मकान में एक व्यक्ति किराए पर रहता है। आरोप है कि 2 सितंबर की रात्रि में करीब साढ़े बारह बजे उसकी 14 वर्षीया पुत्री जब किसी कार्य से कमरे से बाहर आई, तो किरायेदार के पुत्र साकिब ने उसका मुंह दबोच लिया और धमकी दी कि यदि तूने शोर मचाया, तो तेरे छोटे भाई को जान से मार दूंगा। उसके बाद किशोरी को जबरदस्ती छत पर ले जाकर दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर भी जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद से किशोरी गुमसुम व भयभीत थी। पूछने पर उसने अपनी मां को घटना से अवगत कराया। उसके बाद महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज तेजवीर सिंह ने आरोपी साकिब उर्फ भूरा पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला नई बस्ती लड़वा रोड़ चरथावल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। सीओ सदर डॉ. रवि शंकर ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर 24 घण्टे में आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया।

समझौते को लेकर हुई पंचायत में जमकर मारपीट, 4 घायल, एक की हालत गम्भीर

चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)। ग्राम सिकंदरपुर में बच्चों के बीच विवाद को लेकर हुई कहासुनी में एक पक्ष पर पंचायत के दौरान लाठी-डंडे से हमला करने का आरोप है। इस मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी सुकपाल ने दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व किसी बात को लेकर बच्चों में विवाद हो गया था। विवाद के निपटारे को लेकर शुक्रवार को गांव में बाबूराम के आवास पर एक पंचायत बुलायी गयी थी। गांव के लोग इस मामले को सुलझाने के प्रयास में जुटे थे, लेकिन बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर भगदड़ मच गई। हमले में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गये। तहरीर में सुकपाल ने बताया कि हमले में उसका भाई धीरसिंह व उसके दो पुत्र वंश व विशु घायल हो गये, जबकि दूसरे पक्ष से नेमपाल घायल हो गया। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। धीरसिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हमले के आरोप में आठ लोगों जयकुमार, हर्ष, देव, रविन्द्र, विवेक, अभिषेक, अक्षय व नरेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि सुकपाल की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में यूपी में मुजफ्फरनगर पुलिस को मिला प्रथम स्थान

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)। जनपद पुलिस ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा किए गए अथक प्रयासों को दर्शाती है। शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए थे। इसके तहत, हर शिकायत को गंभीरता से लिया गया और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान किया गया। इस सफलता से जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ा है और उन्हें यह विश्वास हुआ है कि उनकी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। यह सम्मान न केवल मुजफ्फरनगर पुलिस के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि इससे अन्य जिलों को भी प्रेरणा मिलेगी। मुजफ्फरनगर पुलिस का यह प्रयास दिखाता है कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देकर जनता की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। आईजीआरएस पोर्टल एक ऑनलाइन मंच है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने आम जनता की शिकायतों को सीधे संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके समाधान की निगरानी के लिए शुरू किया है। इस पोर्टल पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जिसकी स्थिति को वे ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकते हैं। यह प्रणाली सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

-:प्रेस नोट:-
जनपद मुजफ्फरनगर

112

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर के निर्देशन में जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) पर शिकायती पत्रों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर मुजफ्फरनगर पुलिस को प्रदेश भर में प्राप्त हुआ प्रथम स्थान!

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्ता के साथ व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण/समाधान हेतु समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) प्रभावित है। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर श्री संजय कुमार वर्मा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के प्रत्येक थाने द्वारा समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि उपर्युक्तविवरणों के कुशल निर्देशन एवं पर्यवेक्षण, IGRS माड्यूल, थानों में विद्यमान IGRS कर्मचारियों तथा सम्बन्ध चौकियों के अथक प्रयास से समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध, सन्तोषी, गुणवत्ता के साथ व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण/समाधान करते हुये तथा जिला कोई लापरवाह पाया जिलेवार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की वर्ष 2025 के माह अगस्त में प्रदेश भर में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। जिसके लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा समर्पित सभी अधिकारी/कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुये भविष्य में और भी बेहतर कार्यशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

@muzaffarnagarpol muzaffarnagar police muzaffarnagarpol

पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को ढूंढकर पीड़ित को सौंपा, पीड़ित ने जताया आभार

चरथावल, 05 सितम्बर (बु.)। थाना चरथावल पर तैनात कांस्टेबल मनोज शर्मा ने गुम हुए एक व्यक्ति के मोबाइल को ढूंढ कर पीड़ित को सौंप दिया। गुम हुआ मोबाइल मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। चरथावल कस्बा निवासी साबिर पुत्र इरशाद का ओप्पो कंपनी का 13 हजार रुपये की कीमत का नया मोबाइल गुम हो गया था। पीड़ित ने थाना चरथावल पर प्रार्थना-पत्र देकर मोबाइल को खोजने की गुहार लगाई थी। चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल मनोज शर्मा ने गुम हुए एक व्यक्ति के मोबाइल को ढूंढ कर पीड़ित को सौंप दिया। गुम हुआ मोबाइल मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

दशलक्षण पर्व के नौंवे दिन उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा की

शाहपुर, 05 सितम्बर (बु.)। कस्बे में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के नौंवे दिन उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा की। रात्रि में शांतिनाथ जिनालय में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कस्बे में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के नौंवे दिन श्री पद्मप्रभु जिनालय, श्री नेमिनाथ जिनालय, श्री शांतिनाथ जिनालय व श्री मुनि सुव्रतनाथ मान स्तंभ पर उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा की। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने स्वर्ण कलश से श्री जी का अभिषेक व शांति धारा कर विश्व शांति व कल्याण की कामना की। इस दौरान सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने बताया कि उत्तम आकिंचन धर्म हमें अनावश्यक वस्तुओं का परित्याग कर आवश्यक चीजों के साथ जीवन व्यतीत करना सिखाता है, इसलिए हमें भौतिक वस्तुओं से दूर रहना चाहिए। सांयकाल जैन मंदिरों में महाआरती की गई। इसके अलावा कस्बे के मंगलापुरी मंडी स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय में रात्रि के समय जैन शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में दशलक्षण पर्व पर आधारित धार्मिक कव्वाली, भजन व लघु नाटिका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सकल जैन समाज की नारी शक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जैन नारी शक्ति मंडल के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम को सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। इस दौरान मदन लाल जैन, सतीश चंद्र जैन, राकेश जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, ललित जैन, अमित जैन, विक्की जैन, उमंग जैन, अभिषेक जैन, वैभव जैन व पुनीत जैन आदि सहित जैन समाज के महिला-पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। न्यू मंडी इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा से संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति और व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल की सौहादपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई। इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा के आमंत्रण पर मिलने व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण पहुंचे।

इस दौरान शलभ गुप्ता, सुनील तायल, नव नियुक्त इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जनार्दन विश्वकर्मा, विजय बाटा, विजय प्रताप ने पटका भेंट किया। शलभ गुप्ता ओर सुनील तायल ने पुलिस प्रशासन को तन-मन-धन से सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, सुनील तायल, जनार्दन विश्वकर्मा, विजय बाटा, संजय गुप्ता, विजय प्रताप, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, हिमांशु गोयल, सुरेंदर मित्तल, अजय अरोरा, प्रदीप कुमार, कपिल कुमार एडवोकेट, रोहित सिंघल, विकास अग्रवाल, अविनाश आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

आरती धीमान को विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। आज विश्वकर्मा मंदिर रामपुरी में विश्वकर्मा समाज की बिटिया आरती धीमान जिसने राष्ट्रपति स्काउट गाइड प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त करने पर विश्वकर्मा समाज के गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज मंदिर सभा के अध्यक्ष मुकेश धीमान एवं संचालन देशपाल पांचाल ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ईशा धीमान, रजनी धीमान, अतिति धीमान ने कुमारी आरती धीमान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बोलते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य जगदीश पांचाल ने कहा कि जिस तरह आरती बिटिया ने अपनी लगन और मेहनत से इस स्थान को प्राप्त किया है, उससे परिवार ही नहीं पूरे समाज को इस बिटिया पर गर्व है। यह बिटिया आने वाली पीढियों के लिए एक प्रेरणा है, जिसको देखकर और बच्चे भी प्रेरित होंगे और उच्च स्थान प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश धीमान ने कहा कि आरती बिटिया ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर समाज के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विश्वकर्मा समाज मंदिर सभा समय-समय पर समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित करते रहते है, जिससे समाज के और बच्चों को भी प्रेरणा मिले और वह भी आगे बढ़े और देश दुनिया में अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें। संचालन कर रहे देशपाल पंचाल ने आरती धीमान के बारे में विस्तार से बताया कि किस तरह कि बिटिया ने रात-दिन मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है। इसकी मेहनत और परिवार के विश्वास की बदौलत आज हम इस बिटिया पर गर्व महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरती के पिता संजीव धीमान, भाई अक्षय धीमान, माता मुनेश देवी, बहन अनु धीमान, ओमप्रकाश धीमान, मास्टर रविदत्त धीमान, पूर्व प्रबंधक सरदार मोहन सिंह, जगपाल प्रधान, राम रतन विश्वकर्मा, पूर्व सभासद जनार्दन विश्वकर्मा, रामपाल धीमान, योगेंद्र धीमान, योगेश धीमान, प्रेम सिंह जांगिड़, नितिन पांचाल, आकाश पांचाल, दिनेश धीमान, अमर कुमार पांचाल, ईश्वर धीमान, अश्विनी पांचाल, एसके भारद्वाज, राजीव पांचाल, डॉ. रविदत्त शर्मा, रामपाल पांचाल, मोनू धीमान, शुभम पांचाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गोल्डन पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, उपसचिव रितिका बिंदल, कोषाध्यक्षा ऋतु शर्मा तथा प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन-मोह लिया। छात्रों ने बंगाली नृत्य, लावणी नृत्य, राजस्थानी नृत्य एवं भांगड़ा प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने मानव विकास में शिक्षा, शिक्षकगणों की भूमिका एवं उनके दायित्व पर प्रकाश डाला। प्रबंध समिति ने राजीव वर्मा, रोहित कुमार, मोनिका, सरिता नेहरा, रजनी, अनिरुद्ध तोमर और विनोद कुमार को उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर उनके समर्पण और कर्त्तव्यनिष्ठा की सराहना की। विद्यालय की प्रबंध समिति तथा प्रधानाचार्या ने गुरु के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करता है और उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन समारोह

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। स्वामी कल्याण देव राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर में भव्य एवं दिव्य अनुभूति के अनुपम अनुभव के साथ प्रथम बार 'संकल्प' परिवार ने गुरु की अपार महिमा के गुणगान के साथ गुरुओं को सम्मानित करते हुए शिष्यों का भी अभिनन्दन किया गया। धन्वंतरि भगवान की वंदना एवं पूजन के साथ शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय की प्रो. डॉ. विनीता त्यागी, प्राचार्या एवं अधीक्षक को परिषद परिवार के सदस्यों ने वंदन करते हुए मोतियों की माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अपने आप को कृतार्थ किया। इसी क्रम में वर्ष 2020 से 2024 तक के पांच श्रेष्ठ विद्यार्थियों को भी उपहार, स्मृति-चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों विद्यार्थियों ने इस आयोजन से प्रेरणा लेकर भविष्य में श्रेष्ठ बनने का संकल्प लिया। शिक्षा प्रभारी डॉ. बिपिन मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति स्वामी कल्याण देव राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज मुजफ्फरनगर के सदस्य डॉ. अनूप कुमार, डॉ. सुमन अग्रवाल, डॉ. अनीता कनौजिया, डॉ. अनुभा चौधरी, सीए अश्विनी कुमार वर्मा, डॉ. अर्जुन शर्मा, विष्णु स्वरुप अग्रवाल, जगदीश पालीवाल, अरुण राजवंशी, सुमन पालीवाल, रागिनी गर्ग आदि का विशेष योगदान रहा।

गुरुघर का सर्वोच्च सम्मान सरोपा व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। श्री गुरु रामदास जी के गुरू गद्दी दिवस एवं शिक्षक दिवस पर जनपद मुजफ्फरनगर में कार्यरत शिक्षकों को पंचायती गुरुद्वारा पंचदरा समिति (रजि.) मुजफ़्फ़रनगर द्वारा गुरुघर का सर्वोच्च सम्मान सरोपा व सर्टिफिकेट देकर प्रबंधक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुखमनी साहिब के पाठ, शब्द कीर्तन, अरदास उपरांत सभी 15शिक्षक एवं शिक्षिकाओं किरण बावरा, आशा नारंग, राजिंदर कौर, शिम्पी कपूर, सिमरन कौर, कुलविंदर कौर, सौरव आहूजा, सिंम्पल, बबली कौर, के. जी. अरोरा, के. के. आनंद, सुमन अरोरा, प्राची अरोरा, लक्ष्मी अरोरा, बलविंदर सिंह चावला आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायती गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डॉ. प्रतिपाल सिंह कथूरिया, सतनाम सिंह हंसपाल, कवल वाधवा, श्रीगुरु सिंह सभा मुजफ्फरनगर के प्रधान सतपाल सिंह मान, महासचिव अजीत सिंह मलिक, नीलम बजाज, जसबीर कौर आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धा का पर्व है श्राद्ध : संजीव शंकर

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बुस.)। श्राद्ध एक हिन्दू अनुष्ठान है, जो मृत्यु के बाद अपने पूर्वजों (पितरों) के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए किया जाता है। इसके अंतर्गत परिवार अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए ब्राह्मणों को भोजन कराता है, पिंड दान करता है और उन्हें जल अर्पित करता है। इसका उद्देश्य पूर्वजों को प्रसन्न करना और उनके आशीर्वाद प्राप्त करना है। महामृत्युंजय सेवा मिशन के अध्यक्ष संजीव शंकर ने बताया कि श्राद्ध की तृतीय व चतुर्थी तिथि एक साथ दस सितंबर को है अन्य श्राद्ध की तिथियां निम्नलिखित हैं-

पूर्णिमा श्राद्ध-	7 सितंबर 2025,	रविवार
प्रतिपदा श्राद्ध-	8 सितंबर 2025,	सोमवार
द्वितीया श्राद्ध-	9 सितंबर 2025,	मंगलवार
तृतीया श्राद्ध-	10 सितंबर 2025,	बुधवार
चतुर्थी श्राद्ध-	10 सितंब

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

पंजाब में बारिश और बाढ़ से तबाही

पंजाब, भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में है। प्रभावित लोगों को अभी राहत मिलती नजर नहीं आ रही। इसका कारण राज्य के तीनों बांधों का जलस्तर खतरे के निशान के पास या उससे ऊपर पहुंच जाना है। हिमाचल में भारी बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन हुआ। कुल्लू के अखाड़ा बाजार में दूसरे दिन भी भूस्खलन जारी रहा। कुछ घर इसकी चपेट में आ गए। लुधियाना में पांच जगह सतलुज के तटबंध कमजोर हो चुके हैं और एक जगह गांव ससराली में सेना की मदद से तटबंध से 200 मीटर पीछे एक किलोमीटर क्षेत्र में रिंग बांध का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। भाखड़ा और पौंग बांध से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण सतलुज और ब्यास दरिया उफान पर हैं। सतलुज के कारण रूपनगर, लुधियाना और जालंधर में बाढ़ आने का खतरा मंडराने लगा है। तरनतारन जिले में स्थित हरिके पत्तन हेडक्वाटर्स में दोनों दरियाओं का पानी इकट्ठा होने से तटबंध टूटने का खतरा है। यहां से छोड़े जा रहे पानी के कारण फिरोजपुर और फाजिल्का के बाढ़ प्रभावित गांवों में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। राज्य में आई बाढ़ के कारण अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 1,685 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और 3.84 लाख लोग प्रभावित हैं। यही नहीं 1.71 लाख हेक्टेयर फसल को नुकसान हुआ है। हरियाणा में भी बाढ़ की स्थिति गंभीर है। हरियाणा में हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। हथनीकुंड बैराज के फ्लड गेट लगातार चौथे दिन खुले हुए हैं, जिससे जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे यमुनानगर, करनाल, पानीपत और सोनीपत के यमुना किनारे स्थित क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। अंबाला में टांगरी-मारकंडा और उसकी सहायक नदी बेगना भी उफान पर हैं। इस कारण बाढ़ का पानी अंबाला-रुड़की नेशनल हाईवे-344 के ऊपर से बह रहा है। हाईवे की एक साइड को बंद करना पड़ा है, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पंजाब में बारिश और नदियों के उफनाने से नौ जिलों में बड़ी तबाही हुई है। पंजाब सरकार ने सभी 23 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया है। बांधों के जलाशय भरे हुए हैं और नदियां खतरे के निशान के पास बह रही हैं। पंजाब में अगस्त में 74 प्रतिशत अधिक बारिश हुई, जो राज्य में 25 सालों में सबसे ज्यादा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी ग्राउंड जीरो पर उतरे उन्होंने अमृतसर और गुरदासपुर में हालात को देखा। कृषि मंत्री के चेहरे पर पीड़ा साफ दिखी। उन्होंने एक खेत के अंदर जाकर धान की फसल को देखा। पंजाब में बाढ़ से बड़ी तबाही हुई है। उन्होंने प्रभावित किसानों से बातचीत की। ट्रैक्टर पर सवार होकर शिवराज सिंह चौहान गुरदासपुर में एक जलमग्न खेत में भी गए और बाढ़ से क्षतिग्रस्त धान की फसल का निरीक्षण किया। इससे पहले अमृतसर में उन्होंने कहा कि बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का आंकलन करने के लिए दो केंद्रीय दल भी पंजाब का दौरा कर रहे हैं और वे केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। अमृतसर में बातचीत करते हुए चौहान ने कहा कि देश और मानवता की सेवा में पंजाबी हमेशा सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने कहा आज पंजाब बाढ़ के कारण मुश्किल दौर से गुजर रहा है और कई गांव प्रभावित हैं, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खेत जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र इस मुश्किल घड़ी में पंजाब के लोगों के साथ पूरी तरह खड़ा है। चौहान ने कहा कि मुझे प्रधानमन्त्री ने पंजाब भेजा है। कृषि मन्त्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर लिखा,पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें पूरी तरह से डूबी हुई हैं। बिना खेत में जाए दर्द और नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। फसलों पर संकट है। स्थिति देखकर मन द्रवित है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि पंजाब में बाढ़ अवैध खनन के कारण आई है, जब अटल जी प्रधानमन्त्री थे और प्रकाश सिंह बादल जी पंजाब के मुख्यमंत्री थे, तब फसलों को बाढ़ से बचाने के लिए सतलुज, ब्यास, रावी और घग्घर नदियों के किनारों पर बंध मजबूत और ऊंचे किए गए। मगर, अवैध खनन के कारण वे कमजोर हो गए, जिस कारण गांवों में पानी आ गया। इसकी रिपोर्ट पीएम को सौंपूंगा। हम किसानों को हौसला नहीं हारने देंगे, मजबूती से साथ खड़े हैं। मशहूर सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ भी पंजाब में आए बाढ़ संकट को लेकर काफी चितिंत हैं और बढ़-चढ़कर पीड़ित लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। बीते दिनों सिंगर ने ऐलान किया था कि ऐसे बाढ़ के संकट में वह पंजाब के 10 गांवों को गोद लेंगे और इसके साथ ही उन्होंने लोगों के लिए टेंट, दवा और सोलर लाइट मुहैया कराई थी। इसके बाद अब हाल ही में दिलजीत ने पंजाब की चिंता में एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लोगों की मदद के लिए अपील कर रहे हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कह रहे हैं, पंजाब के हालात बाढ़ की वजह से बहुत खराब हो चुके हैं, खेती खराब हो चुकी है, लोगों का बहुत नुकसान हुआ है। पंजाब जख्मी है, पर हारा नही है। हम पंजाब की गोद से उठे हैं। पंजाब ने हमें गोद लिया है और हमने पंजाब की गोद में ही मरना है, जितने भी पीड़ित परिवार हैं, हम उनके साथ है। ऐसा नहीं कि सब ठीक हो गया, जब तक उनकी जिन्दगियां दोबारा शुरू नहीं हो जातीं, हम उनके साथ है। विपक्ष और कुछ सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया है कि मान सरकार ने बाढ़ संकट को संभालने में देरी की और लोगों की पीड़ा को समय रहते दूर नहीं किया। पंजाब के मुख्यमन्त्री को बुखार है, तो अन्य नेता लोगों के बीच जा रहे हैं। बाढ़ के कारण त्रस्त पंजाब को लेकर अब केंद्र सरकार भी अलर्ट मोड में आती दिख रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की मीटिंग से लौटते ही सीएम भगवंत मान को फोन किया और बाढ़ के चलते पैदा हुए हालातों का जायजा लिया। पीएम मोदी इस मामले को लेकर जल्दी ही एक हाईलेवल मीटिंग बुलाने जा रहे हैं। इस बैठक में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते आई मुसीबत पर चर्चा होगी। इस दौरान बचाव कार्यों को लेकर भी पीएम मोदी कुछ आदेश दे सकते हैं और राहत राशि का भी ऐलान हो सकता है। पंजाब सरकार का कहना है कि हमारी केंद्र से अपील है कि बाढ़ से त्रस्त पंजाब को मदद करने के लिए आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत प्रावधानों में थोड़ी राहत दी जाए।

चार तीर

सुनील उत्सव

'मूल्य' 'कॉलेज' 'शिक्षा' 'जीवन'

मूल्य जीवन के गिरे कॉलेज बहुत ऊँचे हुए,
अब पढ़ाई और लिखाई में भी गरिमा चाहिए।
डिग्रियां पाकर भी रिश्वत खोर पैदा हो रहे,
आजकल के शिक्षकों को भी तो शिक्षा चाहिए।

अग्निवीर भर्ती रैली: क्लर्क एवं स्टोर कीपर बनने को 950 जवान शारीरिक परीक्षा में हुए सम्मिलित

– अंतिम दो दिन अभ्यर्थियों का होगा विस्तृत मेडिकल चेकअप

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। भारतीय थल सेना मेरठ कार्यालय की अग्निपथ योजना के तहत चल रही सेना भर्ती रैली का शुक्रवार को समापन हो गया। बीते 22 अगस्त ये शुरू अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया के बीच कुल 14 दिन जारी इस भर्ती प्रक्रिया में 13 जनपदों के 17 हजार से अधिक युवाओं ने दौड़, शारीरिक दक्षता व दस्तावेज जांच में भाग लेकर अपनी काबिलियत साबित की। अब इन चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण होना बाकी है, जो अगले दो दिन यानि 6 से 8 सितबंर तक जारी रहेगा। उक्त भर्ती प्रक्रिया के संपन्न हो जाने के बाद सैन्य अधिकारी मेरठ के लिए प्रस्थान करेंगे। नगर के मेरठ रोड स्थित चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं नुमाइश ग्राउंड में बीते 22 अगस्त से भारतीय थल सेना अग्निपथ योजना के तहत शुरू अग्निवीर सैन्य भर्ती रैली समाप्ति की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अग्निवीर जवानों की भर्ती रैली के अंतिम चरण में अग्निवीर स्टोर कीपर और क्लर्क पदों के लिए सुबह नुमाइश मैदान पर दौड़ भी आयोजित की गई। वहीं, चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में इस बीच शारीरिक दक्षता परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन का दौर जारी रहा। भर्ती निदेशक एआरओ मेरठ कर्नल सत्यजीत बेबले ने बताया कि अग्निवीर क्लर्क पद के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 1073 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से हाइट चेकिंग एवं अनुपस्थिति के कारण 950 युवा ही दौड़ में शामिल हो सके। इनमें से करीब 700 युवाओं ने तय समय के भीतर दौड़ पूरी कर शारीरिक दक्षता परीक्षा में अपनी तैयारी का परिचय दिया। इस भर्ती रैली में अंतिम दिन अग्निवीर क्लर्क और स्टोर कीपर बनने के लिए अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर और शामली जिलों के युवाओं ने भाग लिया। सुबह पांच बजे से शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया देर शाम तक चली, जिसमें इस बीच दौड़, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज जांच और मेडिकल परीक्षण की प्रारंभिक प्रक्रिया को पूरा किया गया। कर्नल बेबले ने बताया कि 6 से 8 सितम्बर तक सभी योग्य अभ्यर्थियों का विस्तृत मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अंतिम रूप से चयनित अग्निवीर भारतीय सेना के विभिन्न पदों पर सेवा के लिए भेजे जाएंगे।

मंत्री कपिल देव ने जनपद के शिक्षकों को किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शॉल, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट देते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के 50 शिक्षकों में 34 महिला शिक्षिकाएं एवं 16 पुरुष शिक्षकों के साथ तीन एसआरजी एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े 5 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता होते हैं। जिस प्रकार कोई शिल्पकार पत्थर को तराशकर मूर्ति का रूप देता है, उसी प्रकार शिक्षक भी बच्चों को गढ़कर एक आदर्श नागरिक और जिम्मेदार राष्ट्रभक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊँचाई तक ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षकों की गरिमा और उनकी भूमिका सदैव सर्वोपरि रही है। उन्होंने कहा कि आज जिन शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा-स्तंभ हैं। मंत्री ने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया की दिशा में अग्रसर करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास एवं बीएसए संदीप कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व लखनऊ स्थित लोक भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सजीव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील कुमार, अंकुर कुमार, अंकित कुमार तथा एसआरजी का विशेष योगदान रहा।

सात वर्षीया बच्ची से हुआ दुष्कर्म का प्रयास

– आरोपी ने चाकू दिखाकर बच्ची को डराया

बुढ़ाना, 05 सितम्बर (बु.)। एक सात साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर पर ले जाकर एक कामान्ध युवक ने दुष्कर्म का प्रयास कर अश्लील हरकतें की। इस मामले में आरोपी ने बच्ची को कहीं पर भी बताने पर चाकू दिखाकर हत्या की भी धमकी दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में आज शुक्रवार की शाम लगभग एक छह साल की बच्ची को उसकी मां ने गांव में चिकित्सक को दिखवाने के लिए अकेले ही भेजा, तो चिकित्सक तो मिला नहीं, तब गांव के ही दूसरे संप्रदाय के एक कामान्ध युवक ने उसको बहला-फुसला लिया और अपने घर ले गया, जहां पर उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें की और उससे दुष्कर्म का भी प्रयास किया, तब बच्ची रोने लगी, तो युवक ने बच्ची को चाकू दिखाकर चुप किया और घर पर बताने पर हत्या की धमकी दी। घटना के बारे में बच्ची ने घर पर आकर बताया तो बच्ची के परिजन आरोपी के घर पर पहुंचे, तो आरोपी के परिजनों ने पीड़िता को भगा दिया। इस मामले में परिजन बच्ची को लेकर देर रात बुढ़ाना कोतवाली में आए और पुलिस को घटना से अवगत कराया। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर गांव में दो तरह की चर्चा जोरों पर हैं। दूसरी ओर इस संबंध में जब बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि वे मामले को दिखवाते हैं।

स्वदेशी सम्मेलन को लेकर किया व्यापार संगठन ने जनसंपर्क

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में स्वदेशी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति के संयोजक राजकुमार कालरा ने कहा कि आज संगठन के बल पर जीएसटी का रेशो कम किया गया हैं जिसमें व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू होने से व्यापारियों के साथ जन सामान्य को लाभ होगा। यूपी के आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के सानिध्य में होने वाले इस सम्मेलन में व्यापारियों की मांगों का समर्थन कर प्रदेश सरकार से अनुरोध करेंगे। इस दौरान सुनील अरोरा जिलाध्यक्ष कपड़ा व्यापार संगठन के साथ अंकुर जैन एवं विकास ढींगरा को संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान कपड़ा व्यापार संगठन से जुड़े अमित सिंघल, मित्रसैन कथूरिया, शेखर लूथरा, राजीव अरोरा, मांगी राज, पवन, रॉबिन, अशोक छाबड़ा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

आशादीप मूक-बधिर एवं मंद बुद्धि संस्थान में किया शिक्षकों को सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए भी उपहार दिए। क्लब सदस्यों ने स्पीच थैरेपी का भी अवलोकन किया, जिसको कुछ समय पहले लायन्स क्लब दिव्य ने भेंट किया। क्लब के अध्यक्ष नन्द गोपाल बंसल, सचिव संदीप सिंघल एवं संस्थान के अध्यक्ष इंजी. लोकेश चंद्रा, इंजी. आरके गोयल ने माँ शारदा, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए विधिवत पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता इंजी. लोकेश चंद्रा ने की। इस दौरान प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा द्वारा शिक्षक दिवस पर संक्षेप में चर्चा की तथा लायन्स क्लब दिव्य ने संस्थान को दिये जा रहे उनके योगदान पर धन्यवाद दिया। इस दौरान गिरीश अग्रवाल, कामिनी सिंघल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामबीर सिंह समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टाफ के साथ नन्द गोपाल बंसल, संदीप सिंघल, गिरीश अग्रवाल, अजय गर्ग, श्याम गुप्ता, रजनीश अग्रवाल, विनय शर्मा,दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, राजकुमार आदि का सहयोग रहा।

विद्युत चोरी रोकने वाले जेई जनप्रतिनिधि की भेंट चढ़े

बुढ़ाना, 05 सितम्बर (बु.)। एक सत्ताधारी वरिष्ठ नेता विद्युत चोरों की हिमायत कर जेई को ही कस्बे से हटवा देंगे यह जेई ने भी कभी सपने में नहीं सोचा होगा। ईमानदार जेई को बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने पर हटा दिया गया। इससे विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों की थू-थू और किरकिरी हो रही है कि कैसे जिले में बैठे अधिकारियों ने एक नेता के कहने भर पर बिना जांच किए ही जेई को जिला मुख्यालय से अटैच कर बिजली चोरों को बिजली चोरी करने की खुली छूट दे दी। यह बात पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी है और कस्बे के संभ्रांत लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि बिजली चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने वाले जेई का ही तबादला कर दिया गया। इसका मतलब अब बिजली चोरों की पौ-बारह होगी। जेई मनोज कुमार बुढ़ाना कस्बे में जेई के रुप में बीते वर्ष 25 अगस्त को आए थे, जिन्होंने शुरू से ही बिजली चोरों के विरुद्ध अभियान छेड़कर उनकी नाक में नकेल डाल रखी थी। अब गत दिवस उन्होंने बिजली चोरों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रखी थी, तो उनको यहां के एक नेता का कोप भाजन बनना पड़ा, क्योंकि चर्चा के मुताबिक उन्होंने जनप्रतिनिधि के एक समर्थक को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी, लेकिन बस ये कार्यवाही उक्त नेता को बहुत ही बुरी लगी और उन्होंने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर जेई मनोज कुमार का तबादला करा दिया। इस कार्यवाही से बिजली विभाग के साथ-साथ नागरिकों में भी नाराजगी है कि कैसे एक नेता ने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर बेकसूर जेई का ही तबादला करवा दिया। इस तरह के तबादले से अन्य ईमानदार मेहनती अधिकारियों का हौसला नहीं डगमगायेगा? यह एक विचारणीय प्रश्न है। नागरिकों ने जेई मनोज कुमार को यहीं पर वापस भेजने की मांग जिले के डीएम से की है, ताकि बिजली चोरों का इलाज हो और अन्य अधिकारियों पर इसका कुप्रभाव ना पड़े।

पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार घायल

जानसठ, 05 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला खालापार निवासी इदरीश अपने रिश्तेदार इकबाल के साथ शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर रामराज जा रहा था, जब वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव सालारपुर के पास पहुंचे, तो पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि अभी तक दुर्घटना की कोई तहरीर नहीं आई है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सामूहिक उपवास पर रहे कर्मी

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने परिवार संग सामूहिक उपवास के बूते सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस बीच अपनी लंबित मांगों को लेकर दर्जनों शिक्षकों, कर्मियों एवं अफसरों ने उपवास रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के टीईटी आदेश पर पुनर्विचार किए जाने की अपील की। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के आह्वान पर मुजफ्फरनगर में अटेवा जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक गर्ग के नेतृत्व में परिवार संग सामूहिक उपवास रखा। पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर आयोजित इस आंदोलन में जनपद के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों के साथ परिवारीजन शामिल हुए। अटेवा के सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर यह उपवास सिर्फ कर्मियों का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार का संघर्ष है। ओपीएस हमारी सामाजिक सुरक्षा, सम्मान जनक वृद्धावस्था और कर्मियों के भविष्य की गारंटी है। जब तक सरकार ओपीएस बहाल नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई, लोक निर्माण, आयकर, राजस्व, कृषि, समाज कल्याण, विकास, उद्योग, आईटीआई सहित प्रमुख विभागों के कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों और घरों पर सामूहिक रूप से उपवास रखा। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने का जो आदेश दिया गया है, कर्मचारियों ने इस आदेश को अव्यवहारिक व अनुचित बताया तथा कोर्ट से पुनर्विचार याचिका के माध्यम से इस पर पुनः विचार करने की अपील की। इसके साथ ही राज्य और केंद्र सरकार से भी इस मामले में मध्यस्थता करने के साथ समाधान निकालने की मांग की ताकि कर्मचारियों पर भविष्य में अनावश्यक बोझ न बढ़े। जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार गर्ग ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली पर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक बनाते हुए 25 नवंबर को दिल्ली में संवैधानिक अधिकार रैली आयोजित की जाएगी। इस दौरान उपाध्यक्ष रमेश चंद ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करो वरना संघर्ष तेज होगा।

माध्यमिक शिक्षक संघ ने की शिक्षिकाओं के प्रयास की सराहना

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। गांधी कॉलोनी वाटिका में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शालिनी मैडम एवं उनकी पूरी टीम ने अवकाश के दिन भी संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। उनके इस समर्पण ने साबित कर दिया कि शिक्षक न केवल ज्ञान के दीपक हैं, बल्कि संघर्ष के योद्धा भी हैं।

इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने संकल्प लिया कि वे पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा हेतु प्रत्येक संघर्ष में डटी रहेंगी। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाहा ने शालिनी मैडम एवं उनकी टीम के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के हित में आपका यह संघर्ष और समर्पण संगठन को नई शक्ति देता है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करता है। ऐसे में आपके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की हार्दिक शुभकामनाओं से साथ संघर्ष में हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हैं।

पालिका चेयरपर्सन व बुलेटिन संपादक ने किया रामलीला ध्वज यात्रा का शुभारंभ

– रामलीला भवन पटेलनगर में पूजन संग हुई ध्वज स्थापना

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर में शुक्रवार को श्री रामलीला मंचन कार्यक्रम समारोह के लिए विधिवत ध्वज स्थापना की गई। इससे पूर्व बड़े उत्साह और धूमधाम से रामलीला ध्वज यात्रा निकाली गई। हनुमान जी घोड़े पर सवार होकर रामलीला ध्वज यात्रा पर निकले, जहां मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर लोगों ने यात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर द्वारा अपने 50वें स्वर्ण जयंती श्री रामलीला महोत्सव के बीच आयोजन की घोषणा करते हुए हनुमान जी की झांकी के साथ में रामलीला ध्वज यात्रा निकाली गई और पूजन के साथ रामलीला मैदान में ध्वज को स्थापित किया। समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन और कार्यक्रम संयोजक पूर्व सभासद विकल्प जैन ने बताया कि श्री रामलीला भवन में मुख्य अतिथि उद्यमी मुकेश गोयल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने रामायण जी का पूजन व हनुमान जी की आरती करने के बाद मैदान से ध्वज यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा पटेलनगर रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर नई मंडी, मुनीम कॉलोनी, गऊशाला रोड, बिन्दल बाजार, पुरानी गुड़ मंडी सहित अन्य मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पर आकर सम्पन्न हुई। श्री रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन ने अतिथियों का, कलाकारों और कमेटी के पदाधिकारियों के साथ अभिनदंन एवं स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रामलीला कमेटी की ओर से क्षेत्र में रामलीला मंचन कार्यक्रम के लिए ध्वज स्थापना के साथ ध्वज यात्रा आयोजन किया गया, जो मंडी क्षेत्र में अपने परम्परागत मार्ग से ढोल-ताशों के साथ होकर गुजरी। हनुमान जी रामलीला का ध्वज लेकर भक्तों के बीच पहुंचे। इस साल हम 50वां रामलीला मंचन महोत्सव मनाने जा रहे हैं। इसके लिए 20 सितम्बर से रामलीला मंचन का प्रारम्भ करने की पूरी तैयारी की जा रही है। रामलीला पटेलनगर का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया जाता रहा है। इसके लिए 100 से ज्यादा कलाकार विभिन्न रूप से रामलीला भवन से जुड़े हुए हैं। सावन माह की शुरूआत से कलाकारों के द्वारा रामलीला मंचन के लिए रिहर्सल प्रारम्भ कर दी जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल ऐरन, विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, जितेन्द्र कुच्छल, जितेन्द्र नामदेव, नारायण ऐरन, प्रमोद गुप्ता, विनय मित्तल, दिनेश जेन, अंशुल गुप्ता, विकास भारद्वाज, मोन्टू पाटिल, अनिल लोहिया, विपुल मोहन, सोनू कुमार, पीयूष शर्मा, राकेश बंसल, तनिष्क भारद्वाज, देवेन्द्र पतला व पंकज आनन्द सहित रामलीला कमेटी के अन्य सदस्य एवं कलाकार मौजूद रहे।

बैंडबाजों के साथ निकली श्री रामलीला सभा शहर की ध्वज यात्रा

– रामलीला टिल्ला पर किया गया श्री रामलीला का ध्वज स्थापना

मुजफ्फरनगर, 05 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर शहर की सबसे पुरानी एवं एक शताब्दी का ऐतिहासिक आंकड़ा पूर्ण कर चुकी श्री रामलीला सभा शहर का शुक्रवार को पूजन-अर्चना के साथ विधिवत ध्वज स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगरीय क्षेत्र में अपने 113वें वर्ष में पदार्पण कर चुकी श्री रामलीला सभा रजि. शहर की ध्वज स्थापना कार्यक्रम के बीच नगर के मुख्य मार्गों से बैंडबाजों के साथ निकली ध्वज यात्रा में संकटमोचन हनुमान जी इस बीच श्रीरामलीला का ध्वज लेकर जब नगर की सड़कों से होकर गुजरे तो हर ओर पुष्प वर्षा के साथ ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया। टाउनहाल मैदान से धूमधाम के साथ निकली श्री रामलीला सभा शहर की ध्वज यात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर टाऊन हॉल प्रांगण से प्रांरभ होकर बालाजी चौक, सदर बाजार, कचहरी रोड, गुरू तेग बहादुर मार्किट, शिवचौक, भगत सिंह रोड़ होते हुए मुख्य बाजार दाल मंडी, आलू मंडी, रुडकी रोड, लम्बा बाजार, कुंए वाली गली, वेयरगंज, लोहिया बाजार, कुन्दनपुरा, हनुमान चौक, भगत सिंह रोड, सर्राफा बाजार, मोती महल, बकरा मार्किट, रामलीला टिल्ला रोड होते हुए रामलीला टिल्ले पर स्थापित श्री हनुमान ध्वज को विधिवत मैदान में स्थापित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से श्री रामलीला सभा शहर के अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, मंत्री सतीश गर्ग, उपमन्त्री अनमोल सिंघल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग, अजय गर्ग, कमल कांत शर्मा, अरविंद शर्मा, जगन्नाथ रुहेला, सुखदेव मित्तल एड, नरेंद्र गुप्ता, सुशील गोयल, अंजुल भूषण, अमित गर्ग एड, रजत गोयल, अनुराग शर्मा, शोभित गुप्ता, नितिन नामदेव, रजत शर्मा, अनमोल मित्तल, स्वराज पाल, पंकज वर्मा, अर्पित अग्रवाल, प्रफुल्ल शर्मा आदि पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित हुए।

गुड़ पैकिंग से जीएसटी हटाने का निर

बारिश के कहर से किसान हुए परेशान, जिला प्रशासन से मांगी आर्थिक मदद

मुजफ्फरनगर, 05 सितंबर (बु.)। आसमानी आफत ने पहाड़ ही नहीं, जमीन तक कहर बरपा रखा है। पहाड़ी इलाकों के साथ-साथ अब निचले इलाकों में भी हो रही जबरदस्त बरसात के चलते नदियां-नाले सब उफान पर हैं। बात अगर अब पश्चिम यूपी के मुजफ्फरनगर की करें तो यहां के शुक्रतीर्थ खादर क्षेत्र में बहने वाली सोलानी नदी भी इस समय उफान पर है। पिछले 5 दिनों से हो रही बारिश से सोनाली नदी के पानी से खेत खलियान और गांव के रास्ते जलमग्न हो गए, जिसके कारण जहां एक तरफ ग्रामीणों के सामने जानवरों के लिए चारे की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है, तो वहीं इस क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा गन्ने की फसल पानी में डूब गई है। यही नहीं गांव को जाने वाले रास्ते पर कई-कई फीट पानी भर गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के इस पानी के चलते खादर क्षेत्र के आधा दर्जन गावों से भी ज्यादा लोगों के लिए इस समय बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बात अगर जिला प्रशासन की करें तो बाढ़ के हालात को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद में 10 बाढ़ चौकियां और 16 शरणस्थल बनाये गए हैं, साथ ही जनपद में हो रही बरसात में अब तक कुल 23 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहीं एक मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं, जिसके चलते जिला प्रशासन अब इन सभी पीड़ितों को जल्द ही मुआवजे के तौर पर आर्थिक सहायता देने में जुट गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि खादर क्षेत्र में बाढ़ का पानी अभी गांव के अंदर नहीं घुसा है, जबकि क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जिस तरह 2013 में बहती आई थी, वही हालात इस बार भी बने हुए हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में रहने वाले गुरमीत सिंह का कहना है कि उनकी फसल को मोटा नुकसान हुआ है। सिर्फ उनकी ही नहीं क्षेत्र में बहुत से लोगों की आधे से अधिक फसल नष्ट हो गयी है। जिसके पास दस बीघा फसल थी वह आधी रह गयी है। ऐसे में किसानों पर आर्थिक संकट के बादल छा गए हैं यहां तक तक दैनिक कार्यों के लिए भी लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा।

वहीं मुजफ्फरनगर एडीएम गजेंद्र सिंह का कहना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में इस बीच जो बारिश हुई है, सभी तहसीलों से रिपोर्ट प्राप्त की गई है। रिपोर्ट के अनुसार यहा 23 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। एक मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसमें तहसीलों से तत्काल इसकी लिखित में रिपोर्ट लेकर जो भी लाभार्थी हैं उनके खाते में अनुमन्य सहायता राशि भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी हमारे बाड चौकी कुल 10 बार चौकी हैं 16 शरणास्थल है, वहां पर भी हमारी टीम में पूरी एक्टिवेट है।

एसएसपी ने होटल संचालकों को किया निर्देशित बोले यदि होटल में कोई विदेशी नागरिक रुके तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए

मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। शुक्रवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के होटल संचालकों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसपी के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे और होटल संचालकों को निर्देशित करते हुए उन्हें जानकारी दी कि 1 सितम्बर से प्रभावी नागरिकों के सम्बंध में नवीन इमिग्रेशन एक्ट-2025 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। यह एक्ट भारत में आने वाले विदेशी नागरिकों के सम्बंध में है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने होटल संचालकों को निर्देशित किया कि यदि जनपद के किसी भी होटल में कोई विदेशी नागरिक रुकता है तो इसकी जानकारी तुरन्त एफआरओ कार्यालय को दी जाए तथा इस सम्बंध में सम्बन्ध में डिजीटल माध्यम से सूचित कराया जाये। साथ ही उनसे फॉर्म- सी भी भरवाना सुनिश्चित करेंगे, जिसमें सभी जानकारी पूर्ण रूप से भरी जायेंगी। इतना ही नहीं होटल में आने वाले विदेशी व्यक्ति का विवरण डिजिटल रूप में कम से कम 01 वर्ष तक डाटा सुरक्षित रखेगें। उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को इंडिया वीजा सुस्वागत मोबाईल एप का उपयोग करने के लिये भी जागरूक किया जाये, जिससे विदेश से आए नागरिक वीजा/अन्य सेवाओं हेतु किसी दलाल व एजेंट से सम्पर्क कर उसके चक्कर में न पड़ पाएं। एसएसपी ने भारत सरकार की ऑनलाइन सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने का सुझाव दिया।

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित किया, जीएसटी सुधारों को बताया 'डबल डोज ऑफ सपोर्ट एंड ग्रोथ'

नई दिल्ली, 05 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। पीएम ने गुरु-शिष्य परंपरा को भारत की ताकत बताया और कहा कि शिक्षक न सिर्फ बच्चों को साक्षर बनाते हैं बल्कि उनमें देशभक्ति और स्वावलंबन की भावना भी जगाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का यह योगदान देश के भविष्य को दिशा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार नवरात्रि से देश को आर्थिक सुधारों का बड़ा लाभ मिलेगा। 22 सितंबर, सोमवार से यानी नवरात्रि के पहले दिन से नई जीएसटी दरें लागू होंगी। अब केवल दो जीएसटी स्लैब होंगे 5% और 18% उन्होंने इसे ह्यजीएसटी 2.0% करार देते हुए कहा कि इससे हर परिवार की बचत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। मोदी ने कहा कि इस सुधार से गरीब, किसान, महिलाएं, छात्र, युवा और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ होगा। खासकर नए काम शुरू करने वाले युवा प्रोफेशनल्स को वाहन कर में राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब साबुन, टूथपेस्ट, साइकिल, बच्चों की टॉफी और होटल जैसी सेवाओं पर जीएसटी घटाकर 5% कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अब सस्ती हुई हैं। पहले डायग्नोस्टिक किट्स पर 16% टैक्स था, जो अब 5% है। सीमेंट पर 29% और टीवी-एसी जैसी वस्तुओं पर 31% टैक्स लगता था, जिसे अब 18% किया गया है।

श्रीनगर की दरगाह हजरतबल में लगे मार्बल पर बवाल, भीड़ ने अशोक स्तम्भ को तोड़ा

ीनगर, 05 सितंबर (एजेंसी)। ईद-ए-मिलाद के मौके पर शुक्रवार को श्रीनगर की दरगाह हजरतबल में बवाल हो गया। तीन दिन पहले दरगाह के रिनोवेशन के बाद लगाए गए मार्बल पर लोगों ने बवाल किया। मस्जिद के अंदर प्रतिमा लगाने के आरोप के बाद गुसाई भीड़ ने अशोक स्तंभ को तोड़ दिया। भीड़ का कहना है कि मस्जिद के अंदर कोई प्रतिमा नहीं लगाई जा सकती। इस बवाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग वक्फ बोर्ड के लगाए गए शिलापट्ट पर उकेरी गई अशोक स्तंभ की आकृति को पत्थर से तोड़ते दिख रहे हैं। बता दें कि तीन सितंबर को ही वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन डॉ दरख्शां अंद्राबी ने इसका उद्घाटन किया था। शिलापट्ट पर दरख्शां अंद्राबी का नाम लिखा है। दरख्शां अंद्राबी ने घटना को लेकर कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा, "यह अफसोस की बात है। राष्ट्रीय स्तंभ को तोड़ना, ये दहशतगर्दानां हमला है। एक सियासी पार्टी के गुंडे हैं। इन्हीं गुंडों ने पहले कश्मीर को तबाह किया था, आज भी वो दरगाह शरीफ में आ गए। हमारा प्रशासक मरते-मरते बचा है। उनपर भी हमला किया गया। उन्होंने आगे कहा, "हजरतबल में जो बदलाव आया है, इनके दिल को चुभा है। इन लोगों ने बड़ा अपराध किया है। राष्ट्रीय स्तंभ को तोड़ना अपराध है। लोगों की पहचान कर, उम्र भर के लिए यहां बैन किया जाएगा। पिछले दिनों हुए कार्यक्रम की तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए अंद्राबी ने कहा था एक सपना साकारः जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड द्वारा हजरतबल दरगाह के विशाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण परियोजना के उद्घाटन समारोह की झलकियां। यह एक ऐतिहासिक परियोजना है जो लोगों को समर्पित है और इस दरगाह को पूरे देश और पूरे क्षेत्र की सबसे खूबसूरत दरगाह बनाती है। वहीं केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने हजरतबल दरगाह का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि डॉ. दरख्शां अंद्राबी और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड को हजरतबल दरगाह के ऐतिहासिक नवीनीकरण का नेतृत्व करने के लिए बधाई।

राष्ट्रपति ने 45 शिक्षकों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, 05 सितंबर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को पूरे देश के 45 शिक्षकों को उनके शिक्षण और सीखने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इन शिक्षकों को उनके नवीन शिक्षण तरीकों, छात्रों के विकास के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों में सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयासों के लिए वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। नवीन शिक्षण पद्धति से लेकर पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को प्रेरित करने तक, पुरस्कार विजेताओं ने पूरे भारत में युवा मस्तिष्कों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार विजेताओं में डॉ. लकी रेड्डी हनीमी रेड्डी सरकारी डिग्री कॉलेज, मायलावरम, आंध्र प्रदेश के तेलुगु संकाय के एम देवानंद कुमार भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी नवीन शिक्षण पद्धतियों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। उनके प्रशस्ति पत्र में लिखा है, "उनके कार्यों में थल्लापत्र ग्रंथ (ताड़ के पत्तों पर लिखी पांडुलिपियां) बनाना, एलएमएस के लिए शैक्षिक वीडियो बनाना और शिक्षा में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित करना शामिल है।" इसी तरह, अरुणाचल प्रदेश के राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान संकाय के प्रोशांतो कुमार साहा को फोरेंसिक मनोविज्ञान और तंत्रिका मनोविज्ञान में उनकी विशेषज्ञता के लिए सम्मानित किया गया है, जिसमें उन्होंने 14 वर्षों से अधिक की शैक्षणिक सेवा प्रदान की है। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है, "उन्होंने एक तंत्रिका मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की, हस्तक्षेप प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए, प्रमुख शोध परियोजनाओं का नेतृत्व किया और बाल शोषण पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव, दोनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" पुरस्कारों से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों से बातचीत की। एक हल्के-फुल्के अंदाज में उन्होंने कहा कि शिक्षक आमतौर पर छात्रों को होमवर्क देते हैं, लेकिन वह उन्हें एक होमवर्क देना चाहते थे, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले अभियानों का नेतृत्व करने और "मेक इन इंडिया" और "वोकल फॉर लोकल" आंदोलनों को मजबूत करने के लिए।

आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक आज से शुरू

नई दिल्ली, 05 सितंबर (एजेंसी)। दिल्ली में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक शुरू हो चुकी है। दो दिवसीय इस बैठक में संघ के आर्थिक मुद्दों को लेकर बातचीत की गई, जिसमें कई सेक्टरों में कार्यरत शीर्ष नेता और सहयोगी शामिल हुए। बैठक में वे क्षेत्र भी शामिल हुए, जिनके भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित होने की संभावना है। आरएसएस की बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले समेत 6 संयुक्त महासचिव और कई राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए हैं। इस बैठक में आरएसएस से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ और लघु उद्योग भारती जैसे संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बता दें कि हर साल आर्थिक विषयों पर चर्चा के लिए आरएसएस की ओर से इस बैठक का आयोजन किया जाता है। बता दें कि RSS की कुछ पिछली बैठक में केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों के मंत्री भी शामिल हुए थे। वहीं इस बार भी कुछ मंत्री बैठक में शामिल हो सकते हैं। बीते दिनों संघ ने अमेरिका के टैरिफ पर निशाना साधते हुए कहा था कि खुद को लोकतंत्र और स्वतंत्रता का मसीहा बताने वाला अमेरिका दुनिया में तानाशाही और आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। संघ ने ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ की कड़ी आलोचना की थी।

युवक पर जान से मारने की नीयत से फायर किया

खतौली, 5 सितम्बर (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदसमंद में हमलावर युवक द्वारा एक युवक पर जान से मारने की नीयत से की गयी गोलीबारी से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव चांदसमंद निवासी देवेन्द्र पुत्र रामू द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गयी कि गांव के ही राहुल ने उसके घर आकर उसके साथ मारपीट करते हुए मस्कट से वार कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर जैसे ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक ने पीड़ित को जान से मारने की नीयत से तमंचे से दो फायर किये। गनीमत यह रही कि पीड़ित बाल-बाल बच गया तथा हमलावर मौके से फरार हो गया। देवेन्द्र को ग्रामीणों द्वारा तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल द्वारा कोतवाली में तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस टीम युवक की तलाश में जुट गयी है।

दुकान का शटर उठाकर 65 हजार रुपये की नकदी चोरी

खतौली, 5 सितम्बर (बु.)। दिन दहाड़े बाजार में स्थित दुकान का शटर उठाकर दो अज्ञात चोर दुकान के गल्ले से लगभग 65 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नगर की जमना विहार कॉलोनी निवासी पूर्व सभासद नीरज जैन की बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर सर्राफान के सामने जैन पान कॉर्नर के नाम से दुकान है। बताया जाता है कि दोपहर लगभग तीन बजे नीरज जैन अपनी दुकान का आधा शटर नीचे करके घर खाना खाने के लिए गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान दो युवक बाजार में चहल-पहल होने के दौरान दुकान का शटर उठाकर दुकान में घुस गए तथा दुकान के गल्ले से लगभग 65 हजार रुपये की नकदी साफ कर दुकान के बराबर स्थित गली से होकर फरार हो गए। गली के दुकानदारों का कहना है कि इस दौरान एक चोर की जेब से कुछ रुपये सड़क पर भी गिर गए। पीड़ित दुकानदार नीरज जैन की तहरीर व घटनास्थल पर लगे कैमरों की फुटेज सहित पड़ोसी दुकानदारों की जानकारी पर कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्त नवेद पुत्र रियाजुदीन निवासी मौहल्ला देवीदास ढाकन चौक कस्बा खतौली सहित एक अन्य को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली पुलिस हिरासत में लिये आरोपियों से पूछताछ कर वारदात का खुलासा करने में जुटी है। दिनदहाड़े भरे बाजार में दुकान में घुसकर हुई चोरी की वारदात से दुकानदारों में हड़कम्प मचा हुआ है।

फर्जी दूतावास के मामले में गिरफ्तार हर्षवर्धन को लेकर एसटीएफ एक और बड़ा खुलासा

गाजियाबाद, 05 सितंबर (एजेंसी)। फर्जी दूतावास चलाने और हवाला करोबार के आरोप में गिरफ्तार कविनगर निवासी हर्षवर्धन जैन मामले की जांच कर रही एसटीएफ को कई अहम जानकारी मिली है। एसटीएफ को पता चला है कि आरोपित ने अंतरराष्ट्रीय ठग एहसान अली सैयद के साथ मिलकर विदेशों में 25 कंपनियां खोली थीं। आरोपित के बैंक खातों की संख्या भी 20 पहुंच गई है। वर्ष 2002 से 2004 के बीच एहसान अली ने जैन को 20 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए थे। पुलिस ने आरोपित से पूछताछ करने के लिए पांच दिन का रिमांड कोर्ट से मांगा है। कोर्ट पुलिस के आवेदन पर सोमवार को सुनवाई करेगी। हर्षवर्धन जैन की गिरफ्तारी के समय एसटीएफ ने उसके यहां से कुछ बैंक खातों की जानकारी और दस्तावेज बरामद किए थे। उनकी जांच में कई अहम जानकारियां सामने आ रही हैं। जांच में सामने आया है कि अंतरराष्ट्रीय ठग एहसान अली सैयद जो आर्म्स डीलर अदनान खगोशी के साथ काम करता था। टर्किश नागरिकता लेकर लंदन में बैठकर एहसान अली सैयद और कविनगर निवासी हर्षवर्धन जैन मिलकर वर्षों से अलग-अलग देशों में शेल कंपनियों की आड़ में करोड़ों की ठगी को अंजाम दे रहे थे। जैन और एहसान अली की अभी तक 25 कंपनियों की जानकारी सामने आई है। इनमें 17 कंपनियां इंग्लैंड में खोली जबकि अन्य कंपनियों को मारीशस, कैमरून और यूएई में खोला गया। आरोपित के विदेशी बैंकों में खुले खातों के अलावा देश में ही विभिन्न बैंकों में खुले 11 नए खातों का पता चला है। जांच में पता चला है कि वर्ष 2002 से 2004 के बीच सिर्फ दो साल में ही एहसान अली ने हर्षवर्धन जैन को 20 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। बृहस्पतिवार को एसटीएफ को उसका सिर्फ एक खाता ही देश में खुला होने की जानकारी मिली थी। दूसरी ओर, कविनगर पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में शुक्रवार को आरोपित हर्षवर्धन जैन को पांच दिन की रिमांड पर देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के लिए सोमवार का दिन तय किया है।

आपदा प्रबंधन व आचार संहिता उल्लघंन मामले में कपिल देव अग्रवाल कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, 5 सितम्बर (बु.)। शुक्रवार को आपदा प्रबंधन व आचार संहिता उल्लघंन के मामले में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल कोर्ट में पेश हुए मगर कोर्ट में मामले को लेकर कोई सुनवाई नहीं हुई। सुनवाई के लिए अग्रिम तिथि 29 सितम्बर की तिथि नियत की है। वहीं पूर्व विधायक उमेश मलिक मामले में फैसला नहीं आ सका। उक्त मामले में भी अगली तारीख पर ही फैसला आएगा। विधानसभा चुनाव 2022 में शहर के रामलीला टिल्ला पर पुलिस की बिना अनुमति के एक जनसभा करने पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य के खिलाफ आपदा प्रबंधन व आचार संहिता उल्लघंन का मामला दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल अपने समयानुसार कोर्ट में पेश हुए मगर कोर्ट में मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट में सुनवाई के लिए 29 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है। वहीं गांव खुब्बापुर प्रकरण में भाजपा नेता की हत्या के बाद हुए बवाल में नामजद पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य के खिलाफ फैसला शुक्रवार को नहीं आया है।

अब बदलने लगे ट्रंप के सुर, बोले- हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया, उनका भविष्य अच्छा हो



वॉशिंगटन, 05 सितंबर (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आशंका जताई है कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा- ह्लऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।ह्व वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रम्प के इस पोस्ट पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया है। भारत पर 50% टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामलों की सुनवाई यूएस कोर्ट में चल रही है। ट्रम्प ने गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा। ट्रम्प ने इससे पहले 4 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की थी। इसमें उन्होंने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें कहा गया था कि ट्रम्प विदेशी सामान पर भारी टैरिफ नहीं लगा सकते। ट्रम्प ने कहा था कि भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाया गया, ताकि युद्ध खत्म करने में मदद मिले। ट्रम्प ने कहा कि निचली अदालत का फैसला उनकी पिछले 5 महीनों की व्यापारिक बातचीत को मुश्किल में डाल सकता है। इससे यूरोपीय यूनियन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ हुए समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। वहीं, छोटे कारोबारियों के वकील जेफ्री श्वाब ने कहा कि ट्रम्प के ये टैरिफ छोटे व्यवसायों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे जल्दी फैसले की उम्मीद कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका की एक अपील में कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया था। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इन टैरिफ को लागू करने के लिए जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें यह अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के पास हर आयात पर टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोक दिया, ताकि ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें। निचली अदालत ने 7-4 के फैसले में कहा था कि 1977 का इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट ट्रम्प को इतने बड़े टैरिफ लगाने की इजाजत नहीं देता।

रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे

अयोध्या, 05 सितंबर (एजेंसी)। भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। इसी दौरान शुक्रवार को तोबगे ने अपनी पत्नी के साथ अयोध्या में स्थिति राम लला के जन्मभूमि मंदिर के दर्शन किए। इसी के साथ पीएम तोबगे ने मंदिर निर्माण का अवलोकन भी किया है। इस दौरान भारत और भूटान के अन्य कई अधिकारी भी तोबगे के साथ मौजूद रहे। राम नगरी अयोध्या में इस मंदिर के निर्माण के बाद यह पहली बार है जब किसी विदेशी पीएम ने रामलला के दर्शन किए हैं। भूटानी पीएम करीब एक घंटा 40 मिनट तक मंदिर परिसर में ही रुके रहे। पीएम ने रामलला को तीन बार साष्टांग प्रणाम किया और भगवान की आरती के बाद प्रसाद लिया। राम मंदिर के साथ साथ पीएम तोबगे ने कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडपम के मंदिरों में भी दर्शन और पूजा अर्चना की। तोबगे ने इन मंदिरों के दौरे का खूब आनंद लिया और इस दौरान अपने मोबाइल पर बहुत सी तस्वीरें भी खींची। ऐसा कहा जा रहा है कि पीएम तोबगे को राम मंदिर की नक्काशी बहुत पसंद आई और उन्होंने इसकी काफी सराहना भी की है। पहली बार किसी दूसरे देश के पीएम के राम मंदिर आने पर आम जनता में भी काफी खुशी देखने को मिली। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय ने इस बारे में बात करते हुए कहा, आज भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने अपनी पत्नी के साथ रामलला के दर्शन किए हैं। उनके साथ भूटान के अन्य संबंधित अधिकारी, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से संबंधित अधिकारी और यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मेयर इंजीनियर और ट्रस्ट के लोग मौजूद थे।

मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

मुंबई, 05 सितंबर (एजेंसी)। मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। दरअसल, शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सड़कों पर निकलेंगे। इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सबूत, गवाहों के बयान और आरोपियों से जो बरामद किया गया, वे उन्हें दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। बम बनाने के लिए जो विस्फोटक इस्तेमाल हुए, उनका रखरखाव ठीक नहीं था। सबूतों की सीलिंग भी खराब थी।

हिमाचल बीजेपी के नेताओं से पंजाब के बीजेपी नेताओं को सीखना चाहिए, सुखविंदर सिंह की अपील

शिमला, 05 सितंबर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में आई आपदा को लेकर बीजेपी पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने साथ ही कहा है कि पड़ोसी राज्य पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से अपने प्रदेश के लिए विशेष सहायता मांगी है। यह उदाहरण हिमाचल बीजेपी के नेताओं को भी सीखने योग्य है। सीएम सुक्खू ने सोमवार को एक्स पर लिखा, "मेरे प्रिय हिमाचलवासियों, हमारा प्रदेश इस समय भीषण आपदा से जूझ रहा है। यह आपदा पहले से कहीं अधिक भयावह है। अनगिनत परिवार संकट और पीड़ा से गुजर रहे हैं। कई लोगों की ज़िंदगियाँ उजड़ गई हैं और मौसम की प्रतिकूलता अब भी चुनौती बनी हुई है। ऐसे कठिन समय में हमारे सामने सबसे बड़ा दायित्व है, राहत एवं बचाव कार्य, सुविधाओं की शीघ्र बहाली और पुनर्निर्माण।" मुख्यमंत्री ने कहा, "मुझे गर्व है अपने कर्मचारी भाई-बहनों पर, जो भारी बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद दिन-रात जुटे हुए हैं। मुझे गर्व है हमारी प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था पर, जो निरंतर सजग रहकर हर संभव प्रयास कर रही है ताकि संकट और गहराए नहीं।

दिल्ली-एनसीआर में बाढ़, नोएडा के कई सेक्टर डूबे

राजस्थान के अजमेर में बोराज तालाब टूटा, 1000 घरों में पानी

नई दिल्ली, 05 सितंबर (एजेंसी)। बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भरा है। हरियाणा के पंचकूला, हिसार, रोहतक और झज्जर में सभी स्कूल बंद हैं। फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और फरीदाबाद में भी कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल सलोरा सोसाइटी में गुरुवार को पानी भर गया। इससे महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हो गए। राजस्थान के अजमेर में गुरुवार रात भारी बारिश के बाद बोराज तालाब की दीवार ढह गई। इससे 1 हजार से ज्यादा घरों में अचानक सैलाब आ गया। लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कई गाड़ियां बह गईं। मकान क्षतिग्रस्त हो गए। देर रात तक लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला। वहीं दूसरी तरफ कश्मीर में गुरुवार को बारिश और लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे सहित सभी सड़कें बह गईं या टूट गईं। इससे घाटी का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया है। झेलम नदी का जलस्तर कम हो गया है। नदी ने अब खतरे के निशान से नीचे बह रही है। हालांकि, एहतियात के तौर पर, कश्मीर रीजन के स्कूल और कॉलेज शनिवार, 6 सितंबर तक बंद कर दिए गए हैं। जम्मू के रामबन जिले में भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के बाद 283 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 950 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। रामबन के डिप्टी कमिश्नर अलयास खान ने बताया कि लगातार बारिश के कारण 29 अगस्त को रामबन के राजगढ़ तहसील के द्रुबला गांव में अचानक बादल फटने से बाढ़ और लैंडस्लाइड हुई थी।

भारी बारिश से अजमेर में बोराज झील की दीवार ढही, सड़कें हुईं पानी-पानी

अजमेर, 05 सितंबर (एजेंसी)। अजमेर में भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। बोराज झील की दीवार ढहने से शहर में दहशत फैल गई है। झील का पानी बहकर सड़कों पर आ गया, कई जगह अजमेर जलभराव की स्थिति बन गई। पुलिस को तुरंत रास्ते बंद करने पड़े और लोगों को सुरक्षित निकालना पड़ा। राजस्थान में हो रही लगातार बारिश ने शहर की रफ्तार रोक दी। तेज बारिश से बोराज झील का जलस्तर अचानक बढ़ गया। दबाव इतना बढ़ा कि झील की दीवार ढह गई और पानी सड़कों पर फैल गया। लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि बोराज झील की दीवार ढहने का हादसा कैसे हुआ। विशे